# नरक गति के दुःख

# नारकी किसे कहते हैं?

नारकी के पर्यायवाची - नारत, नरक, निरय,निरत

ना+रत = स्वयं अथवा परस्पर प्रीती को प्राप्त नहीं होते

द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव में परस्पर रमते नहीं

नरक -> नरान = मनुष्यों को कायन्ति = क्लेश पहुंचावें

निरय -> जिनका पुण्यकर्म चला गया है

निरत -> जो हिंसादि असमीचीन कार्यों में रत हैं

# 7 नरक

- रत्नप्रभा
- शर्कराप्रभा
- बालुकाप्रभा
- पंकप्रभा
- धूमप्रभा
- तमप्रभा
- महातमप्रभा



# नरकों की भूमि और नदियों का वर्णन

# तहाँ भूमि परसत दुख इसो, बिच्छू सहस डसे नहिं तिसो ।
# तहाँ राध-श्रोणितवाहिनी, कृमि-कुल-कलित, देह-दाहिनी ॥10॥

- तहाँ= उस नरक में
- भूमि= धरती
- परसत= स्पर्श करने से
- इसो= ऐसा दुख= दुःख
- सहस= हजारों
- डसे= डंक मारें
- नहिं तिसो= उसके समान नहीं
- तहाँ= वहाँ
- राध-श्रोणितवाहिनी= रक्त और मवाद बहानेवाली वितरणी नामक नदी
- कृमिकुलकलित= छोटे-छोटे क्षुद्र कीड़ों से भरी
- देहदाहिनी= शरीर में दाह उत्पन्न

# तहाँ भूमि परसत दुख इसो, बिच्छू सहस डसे नहिं तिसो ।

- उन नरकों की भूमि का स्पर्शमात्र करने से नारकियों को इतनी वेदना होती है कि हजारों बिच्छू एकसाथ डंक मारें, तब भी उतनी वेदना न हो





# जन्म के दुख





# जन्मते ही तीक्ष्ण शस्त्रों पर गिरकर उछलते हैं

| नरक | कितना उछलते हैं |
|---|---|
| 1st नरक | 7.81 योजन ऊँचा |
| 2nd नरक | 15.62 योजन ऊँचा |
| 3rd नरक | 31.25 योजन ऊँचा |
| 4th नरक | 62.5 योजन ऊँचा |
| 5th नरक | 125 योजन ऊँचा |
| 6th नरक | 250 योजन ऊँचा |
| 7th नरक | 500 योजन ऊंचा |


1 योजन में 4 कोस
1 कोस में 2 मील
1 मील में 1.5 KM

याने 1 योजन में 4 x 2 x 1.5 KM = 12 KM

# तहाँ राध-श्रोणितवाहिनी, कृमि-कुल-कलित, देह-दाहिनी ॥10॥

- उस नरक में एक वैतरणी नदी है, जिसमें शांतिलाभ की इच्छा से नारकी जीव कूदते हैं, किन्तु वहाँ तो उनकी पीड़ा अधिक भयंकर हो जाती है ।





# नरकों के सेमल वृक्ष तथा सर्दी-गर्मी के दुःख

# सेमर तरु दलजुत असिपत्र, असि ज्यों देह विदारैं तत्र । मेरु समान लोह गलि जाय, ऐसी शीत उष्णता थाय॥11॥

- तरु= सेमल के वृक्ष
- दलजुत= पत्तेंवाले सेमर
- असिपत्र ज्यों= तलवार की धार की भाँति तीक्ष्ण
- असि ज्यों= तलवार की भाँति
- देह= शरीर को
- विदारैं= चीर देते हैं
- तत्र= उन नरकों में,
- मेरु समान= मेरु पर्वत के बराबर
- लोह= लोहे का गोला भी
- गलि= गल जाय
- उष्णता=गरमी
- थाय= होती है

# सेमर तरु दलजुत असिपत्र, असि ज्यों देह विदारैं तत्र ।

- उन नरकों में अनेक सेमल के वृक्ष हैं, जिनके पत्ते तलवार की धार के समान तीक्ष्ण होते हैं ।
- जब दुःखी नारकी छाया मिलने की आशा लेकर उस वृक्ष के नीचे जाता है, तब उस वृक्ष के पत्ते गिरकर उसके शरीर को चीर देते हैं ।






# मेरु समान लोह गलि जाय, ऐसी शीत उष्णता थाय

## शारीरिक दुख

- **कैसी गर्मी ?** - कि एक लाख योजन ऊँचे सुमेरु पर्वत के बराबर लोहे का पिण्ड भी पिघल जाता है तथा
- **कैसी ठण्डी?-** सुमेरु के समान लोहे का गोला भी गल जाता है ।



# कौन से नरक में गर्मी/ठण्डी?

**उष्णता**

- १
- २
- ३
- ४
- ५.७५ नरक में

**ठण्डी**

- ५.२५
- ६
- ७ नरक में

# नरकों में अन्य नारकी, असुरकुमार तथा प्यास का दुःख

# तिल-तिल करैं देह के खण्ड, असुर भिड़ावैं दुष्ट प्रचण्ड ।
# सिन्धुनीर तैं प्यास न जाय, तो पण एक न बूँद लहाय॥12॥

- तिल-तिल= तिल्ली के दाने बराबर
- करें= कर डालते हैं
- देह के= शरीर के
- खण्ड= टुकड़े
- असुर= असुरकुमार जाति के देव
- भिड़ावैं= लड़ाते हैं
- दुष्ट= क्रूर
- प्रचण्ड= अत्यन्त
- सिन्धुनीर तैं= समुद्रभर पानी पीने से भी
- न जाय= शांत न हो,
- तो पण= तथापि
- एक बूँद= एक बूँद भी न
- लहाय= नहीं मिलती ।

# तिल-तिल करैं देह के खण्ड,


परस्परकृत दुख :

वे एक-दूसरे के शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर डालते हैं, तथापि उनके शरीर बारम्बार पारे की भाँति बिखर कर फिर जुड़ जाते हैं ।












# वैक्रियिक शरीर

जो विक्रियाओं को कर सके ऐसे देव, नारकियों के शरीर को वैक्रियिक शरीर कहते हैं

विक्रिया= विचित्र क्रियाएं

छोटे-बड़े, एक-अनेक, पृथक-अपृथक आदि विचित्र क्रियाएं

# विक्रिया

## पृथक

शरीर से भिन्न अलग रूप बना लेना

## एकत्व

शरीर को ही अलग रूप दे देना

- नारकी के अपृथक विक्रिया होती है
- वो अपने शरीर को ही बिच्छु, सांप, लट, तलवार, भाला आदि बना लेते हैं

# शरीर से दुख




- सातवें नरक के नारकी के 5 करोड़,68 लाख, 99 हजार, 584 रोग होते हैं



# असुर भिड़ावैं दुष्ट प्रचण्ड

आगंतुक दुख :

- संक्लिष्ट परिणामवाले अम्बरीष आदि जाति के असुरकुमार देव तीसरे नरक तक जाकर
- नारकियों को अपने अवधिज्ञान के द्वारा
- क्रूरता और कुतूहल से आपस में लड़ाते हैं और स्वयं आनन्दित होते हैं ।







# सिन्धुनीर तैं प्यास न जाय,
# तो पण एक न बूँद लहाय॥12॥

- **कैसी प्यास?**- मिल जाये तो पूरे महासागर का जल भी पी जायें, तथापि तृषा शांत न हो;
- **मिलता क्या?**- किन्तु पीने के लिए जल की एक बूँद भी नहीं मिलती ॥12 ॥



# नरकों की भूख, आयु और मनुष्यगति प्राप्ति का वर्णन


# तीनलोक को नाज जु खाय, मिटै न भूख कणा न लहाय ।
# ये दुख बहु सागर लौं सहै, करम जोगतैं नरगति लहै ॥13॥

- नाज= अनाज
- जु खाय= खा जाये
- मिटै= शांत
- भूख= क्षुधा
- कणा= एक दाना भी
- न लहाय= नहीं मिलता
- ये दुख= ऐसे दुःख
- बहु सागर लौं= अनेक सागरोपमकाल तक
- सहै= सहन करता है,
- करम जोगतैं= किसी विशेष शुभकर्म के योग से
- नरगति= मनुष्यगति लहै= प्राप्त करता है ।

# तीनलोक को नाज जु खाय, मिटै न भूख कणा न लहाय ।

- **कैसी भूख**? -यदि मिल जाये तो तीनों लोक का अनाज एकसाथ खा जायें, तथापि क्षुधा शांत न हो;
- **मिलता क्या**? -परन्तु वहाँ खाने के लिए एक दाना भी नहीं मिलता ।
- **तो क्या खाते** हैं? -अत्यंत दुर्गंधवाली अत्यल्प मिट्टी







# नरक की मिट्टी की दुर्गंध का प्रभाव

| नरक | दूरी जहां तक के जीव मर जाते हैं |
|---|---|
| १ | १ कोस |
| २ | १.५ कोस |
| ३ | २ कोस |
| ४ | २.५ कोस |
| ५ | ३ कोस |
| ६ | ३.५ कोस |
| ७ | ४ कोस |

# ये दुख बहु सागर लौं सहै, करम जोगतैं नरगति लहै॥13॥

- **ये दुख कब तक भोगता है?**
  - मरण पर्यंत
- **फिर क्या होता है?**
  - फिर किसी शुभकर्म के उदय से यह जीव मनुष्यगति प्राप्त करता है|









# कौन से नरक की आयु कितनी होती है?

| नरक | उत्कृष्ट आयु |
|---|---|
| १ | १ सागर |
| २ | ३ सागर |
| ३ | ७ सागर |
| ४ | १० सागर |
| ५ | १७ सागर |
| ६ | २२ सागर |
| ७ | ३३ सागर |

आयु पूर्ण होने पर शरीर कापूरवत उड़ जाता है


# नारकी के दुख

| | |
|---|---|
| आगंतुक | • असुरकुमार देवों के द्वारा |
| शारीरिक | • भूख-प्यास के दुख, परस्पर कृत दुख |
| क्षेत्रजन्य | • जन्म के, शीत-उष्णता, भूमी, वृक्ष, नदी आदि के द्वारा दुख |
| मानसिक | • कषायों से दुख |
| वैभाविक | • मारकाट के परिणामों से तीव्र संक्लेश परिणामों से दुख |

# नारकी मरकर कहां उत्पन्न हो सकते हैं?



पर्याप्तक संज्ञी तिर्यंच



पर्याप्तक संज्ञी मनुष्य

# नरक गति की प्राप्ति का कारण

**बहुत आरंभ**

- बहुत हिंसादि के परिणाम

**बहुत परिग्रह**

- तीव्र मूर्छा का परीणाम

- Reference : श्री गोम्मटसार जीवकाण्डजी, श्री जैनेन्द्रसिद्धान्त कोष, तत्त्वार्थसूत्रजी

- Presentation created by : Smt. Sarika Vikas Chhabra
- For updates / comments / feedback / suggestions, please contact


  - sarikam.j@gmail.com
  - ☎: 0731-2410880